हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 27 .5 डिग्री
न्यूनतम 7 .5 डिग्री

12 पीएमकेवीवाई 4.0 प्रशिक्षण में सफल रहे सैनिक स्कूल के 22 कैडेट्स




12 बार चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू पहले दिन रेवाड़ी में सात व बावल में तीन अधिवक्ताओं ने पर्चे किए दाखिल



## पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग ने 29 जनवरी को सड़क तोड़ने का शुरू किया था कार्य

# सरकुलर रोड पर सीसी रोड बनाने का कार्य शुरू पहले चरण में लियो चौक सड़क बनाने का टारगेट

■ पहले बस स्टैंड के सामने बनाई जा रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से सोमवार शहर के सरकुलर रोड की नई सड़क बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से बावल चौक से लेकर अंबेडकर चौक, लियो चौक व धारुहेड़ा चुंगी होते हुए झज्जर चौक व नाईवाली चौक तक सरकुलर रोड की सड़क का नव निर्माण किया जाएगा। पहले चरण में बावल चौक से लेकर लियो चौक तक सीसी रोड का निर्माण का कार्य किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से 29 जनवरी से बस स्टैंड के सामने एक तरफ सड़क का तोड़ने का कार्य शुरू किया गया था। दस दिन में बस स्टैंड से वर्कशॉप तक सड़क तोड़ने के बाद विभाग ने इस हिस्से पर सीसी रोड बनाने का कार्य शुरू कर दिया है, जिससे बस स्टैंड से बसों के आवागमन में परेशानी न हो। सरकुलर रोड पर लंबे समय से भारी-भरकम गड्ढों के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। पहले चरण में बावल चौक से अंबेडकर चौक होते हुए लियो चौक तक की सड़क को बनाने में 2.5 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पहले एक तरफा सड़क को तोड़कर बनाया जा रहा है ताकि यातायात बाधित न हो। विभाग के अनुसार मार्च के लास्ट तक दोनों तरफ की सड़क का निर्माण पूरा होने की संभावना है।








रेवाड़ी। बावल चौक पर शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य, सरकुलर रोड पर चलता काम व एक तरफ से गुजरते वाहन, सड़क निर्माण कार्य के कारण अग्रसेन चौक पर लगा जाम। फोटो :हरिभूमि

### सड़क निर्माण के लिए चल रहा रूट डायवर्ट

सड़क निर्माण को लेकर ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूट डायवर्ट किया गया है।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूट डायवर्ट करने के लिए बावल चौक, महाराणा प्रताप, ब्रास मार्केट मोड व अंबेडकर चौक बैरिकेड लगाकर वाहनों को वैकल्पिक रास्ते से भेजा जा रहा है। नाईवाली चौक की तरफ से आने वाले वाहनों को ब्रह्मगढ़ के सामने से ब्रास मार्केट की तरफ डायवर्ट किया गया है ताकि दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहन बावल रोड से होते हुए बाइपास व पायलेट चौक से अपने रूट की ओर जा सकें। धारूहेड़ा चुंगी ओर से आने वाले वाहनों को अंबेडकर चौक से गढ़ी बोलनी रोड की तरफ डायवर्ट किया गया है। नाईवाली चौक से धारूहेड़ा जाने वाले वाहन रेलवे चौक व झज्जर चौक होते हुए जा रहे हैं।

### सड़क निर्माण से बढ़ी जाम की समस्या

सरकुलर रोड पर सड़क निर्माण कार्य के चलते शहर में जाम की समस्या बढ़ गई है। ट्रैफिक पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग न अपना कर शहर से गुजर रहे है, जिससे वाहनों की संख्या बढ़ गई है। वाहन चालक बाइपास का उपयोग कर मर रहे है। इसके अलावा कंपनी की बसें भी ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ने में कसर नहीं छोड़ रही है। कंपनी की बसें पशु अस्पताल के पास, अनाजमंडी के सामने व महाराणा प्रताप चौक के पास ट्रैफिक के बीच खड़े होकर कर्मचारियों को बैठा रही है। अग्रसेन चौक से पशु अस्पताल होते हुए अनाजमंडी तक हर समय जाम लगा रहता है। यह जाम कई बार नाईवाली चौक तक भी पहुंच चुका है।

---

## खबर संक्षेप

### सैनिक एक्सप्रेस में यात्री के दो मोबाइल चोरी

**रेवाड़ी।** सैनिक एक्सप्रेस में रिंगस जंक्शन से दिल्ली कैंट जा रहे परिवार के दो मोबाइल फोन चोरी हो गए। दिल्ली के महावीर एनक्लेव निवासी शिव शंकर ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि 19 जनवरी को वह अपने परिवार के साथ खाटूश्याम से दिल्ली कैंट के लिए सैनिक एक्सप्रेस में सफर कर रहा था। सफर के दौरान वे ट्रेन में सो गए थे। रात करीब 3 बजे जब उसकी आंख खुली तो उसने अपना समान चैक किया तो दो मोबाइल फोन गायब थे। उस समय ट्रेन महेन्द्रगढ रेलवे स्टेशन पर खड़ी हुई थी। जीआपी ने अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

### धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव से तीन ट्रांसफार्मर चोरी

**धारूहेड़ा।** गांव तीतरपुर से खटावली रोड पर लगे तीन ट्रांसफर्मर चोरी हो गए, जिससे बिजली निगम को करीब 1.50 लाख रुपये का नुकसान हो गया। डीएचबीवीएन सब डिवीजन जोनावास के जेई ओमप्रकाश ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 फरवी रात को चोर 25 केवीए, 63 केवीए व 100 केवीए के तीन ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। बिजली निगम के एएलएम सिमरजीत व जयकिशन ने जेई को 8 फरवरी को सुबह ट्रांसफार्मर चोरी होने की सूचना दी। जेई ने बताया कि 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रतन सिह गांव तीरपुर, 25 केवीए का ट्रांसफार्मर संतोष देवी खटावली व 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बलवंत सिंह गांव तीतरपुर के नाम है। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### खेत से सोलर सिस्टम की केबल चोरी

**धारूहेड़ा।** गांव मीरपुर में खेत पर लगे सोलर सिस्टम की कॉपर केबल चोरी हो गई। गांव निवासी मुकेश कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को बताया कि उसने खेत पर सोलर प्लेट सिस्टम लगाया हुआ है। 9 फरवरी को जब वह खेत पर गया तो सोलर सिस्टम की सारी केबल गायब थी। उसने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज किया है।

### सिगरेट के पैसे मांगने पर दो भाइयों के साथ मारपीट

**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर हाइवे पर विपुल गार्डन के सामने कुछ युवकों ने चाय का खोखा लगाने वाले दो भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। मूलरूप से गांव रिवासा जिला भिवानी निवासी बजरंग ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को बताया कि वह कमला नगर नजदीक विपुल गार्डन में किराये पर रहता है तथा विपुल गार्डन के सामने जयपुर-दिल्ली हाइवे के सर्विस रोड पर चाय का खोका कर रखा है। 9 फरवरी को सुबह करीब 4:30 वह खोखे पर बैठा था और उसका बड़ा भाई विजय सो रहा था तभी एक सफेद रंग की कार आई, जिसमे से दो लड़कों ने उतरकर दो डिब्बी सिगरेट मांगी। सिगरेट देने पर जब उसने पैसे मांगे तो उन्होंने पैसे नहीं दिए और बहस शुरू कर दी तथा एक लडके ने गाड़ी में से रॉड निकालकर उसके सिर व हाथ पर वार कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई विजय भी आ गया। इसके बाद गाड़ी में से 3-4 लड़के और आ गए तथा दोनों भाईयों के साथ काफी मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इसके बाद दोनों इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचे।

### यादव नगर से गैस सिलेंडर ले गए चोर

**रेवाड़ी।** शहर के यादव नगर स्थित मकान से चोर गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। यादव नगर गली नंबर-3 कंकरवाली निवासी धमेन्द्र सिंह ने कानोड गेट पुलिस चौकी को दी शिकायत में बताया कि 3 फरवरी को उसके मकान से भरा हुआ गैस सिलेंडर चोरी हो गया, जिससे उसका करीब 3500 रुपये का नुकसान हो गया है। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

---

# बिजली निगम की सुस्ती से अटका सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट राशि देने के बाद भी नहीं शिफ्ट किए बिजली पोल

■ चीताडूंगरा से महतावास राजस्थान सीमा तक बनाई जानी है सड़क

■ मार्ग के बीच में खड़े हाइटेंशन लाइन के बिजली पोल बन रहे बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिग बोर्ड रेवाड़ी की ओर से गांव चीताडूंगरा से महतावास राजस्थान सीमा तक नई सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मार्केटिंग बोर्ड की ओर से 1600 मीटर की तारकोल से बनने वाली सड़क पर करीब 65 लाख रुपये खर्च किए जा रहे है। मार्केटिंग बोर्ड की ओर सड़क निर्माण के लिए लेवलिंग कर रोडियां भी बिछाई जा चुकी है लेकिन सड़क के बीच में 11 केवी हाइटेंशन लाइन के करीब 11 बिजली के पोल खड़े होने के कारण निर्माण कार्य पिछले ढाई महीने से अटका हुआ है। बिजली निगम की सुस्ती व लापरवाही के कारण सड़क बनने में देरी हो रही है, जबकि मार्केटिंग बोर्ड की ओर से बिजली निगम को बिजली पोल शिफ्ट करने के एवज में दी गई एस्टीमेट की राशि भी जमा कराई जा चुकी है। बिजली पोल हटाने का कार्य डीएचबीवीएन के गोठड़ा सब स्टेशन की ओर से किया जाना है।





रेवाड़ी। चीताडूंगरा से महतावास मार्ग पर बीच में खड़े बिजली के पोल।

### एस्टीमेट राशी जमा करने पर भी काम नहीं

मार्केटिंग बोर्ड के जेई संजय ने बताया कि गांव चीताडूंगरा से महतावास राजस्थान की सीमा तक तारकोल की सड़क बनाई जानी है, लेकिन बिजली निगम की ओर से हाइटेंशन लाइन के सड़क के बीच खड़े बिजली पोल को शिफ्ट करने में देरी के कारण काम को रूके हुए करीब ढाई माह का समय बीत चुका है, जबकि बिजली पोल शिफ्ट करने के लिए बिजली निगम की ओर से मार्केटिंग बोर्ड को बनाकर दी गई एस्टीमेट की 6.11 लाख रुपये की राशी 21 नवंबर 2024 को जमा कराई जा चुकी है। पूरी राशी जमा कराने के बाद भी बिजली निगम की ओर से सड़क से बिजली पोल नहीं शिफ्ट किए जा रहे है। सड़क के बीच में खड़े बिजली के खंबों के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।

---

# लाखों का इलेक्ट्रॉनिक सामान गोदाम से फेंकने पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोकल गेट चौकी पुलिस ने भीम बस्ती स्थित गोदाम से जबरदस्ती सामान बाहर फेंकने पर केस दर्ज किया है। बीएमजी एलीगेंट सिटी निवासी सुनीता रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि झज्जर रोड स्थित भीम बस्ती में

20 साल से उनके पास गोदाम है। 9 फरवरी 2015 को उन्होंने अपने देवर सोनू से 13 लाख में गोदाम खरीदा था। बाद में उनके पति बालकिशन से गोदाम को 13 लाख रुपये में कंवर सिंह से गिरवी रख दिया। कंवर सिंह ने 13 लाख रुपये लेकर गोदाम एसके दूसरे देवर अनिल कुमार को दे दिया। इसी दौरान उसके पति बालकिशन की मौत हो गई। सुनीता ने आरोप लगाया कि इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप का मालिक उसका देवर अनिल कुमार व सोनू दोनों रुपये लेने से मुकन गए। गोदाम दो बार बेचने के बाद तीसरी बार भी नई बस्ती निवासी सोनू को बेच दिया गया। सुनीता ने आरोप लगाया कि सोम गुर्जर ने 8 फरवरी की रात को उनका 70 लाख रुपये के करीब का इलेक्ट्रानिक का सामान ताला तोड़कर बाहर फेंक दिया। पुलिस के मौका मुआयना करने पर भी सामान गोदाम के बाहर निकला हुआ पाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ने प्रवेश वर्मा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल ने दिल्ली स्थित निवास पर नई दिल्ली विधानसभा से जीते प्रवेश वर्मा से मुलाकात की। इस अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक भी उपस्थित थे। डा. बनवारी लाल ने प्रवेश वर्मा से विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर संगठनात्मक व सुदृढ़ता से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।



रेवाड़ी। प्रवेश वर्मा से मिलते डा. बनवारी लाल। फोटो :हरिभूमि

---





रेवाड़ी। पुलिस लाइन में सफाई करते पुलिसकर्मी, सफाई अभियान चलाते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस कर्मियों ने पुलिस लाइन, थाना व चौकी में चलाया स्वच्छता अभियान

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से सोमवार को पुलिस लाइन, थानों व चौकियों में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। पुलिस के जवानों ने पुलिस लाइन परिसर की सफाई की। अभियान में महिला पुलिस कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने कहा कि हम सभी को अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्रमदान स्वेच्छा से जुड़ा हुआ कार्य है, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तन मन से भाग लेना चाहिए। वातावरण का सीधा असर हमारी मानसिक व शारीरिक स्थिति पर पड़ता है। इसलिए प्रत्येक दिन सबसे पहले अपने आसपास की सफाई करें। श्रमदान प्रत्येक नागरिक के मन में सरलता, विचारों की जटिलता से मुक्ति और स्वच्छता तथा हरित पर्यावरण के महत्व को विकसित करता है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर इस तरह के अभियान आगे भी जारी रखे जाएंगे।

---

# मादक पदार्थ स्मैक उपलब्ध कराने के मामले में एक महिला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक उपलब्ध कराने के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई महिला आरोपी की पहचान मंगोलपुरी दिल्ली निवासी रेखा के रूप में हुई है। 22 फरवरी 2020 को पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक चांदपुर की ढाणी में स्मैक बेचने का काम करते है। पुलिस ने मौके से आरोपियों को काबू करके पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम संदीप निवासी गांव भटेड़ा व यशवंत उर्फ यश निवासी गांव धामलका बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6.32 ग्राम स्मैक बरामद की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक दिल्ली मंगोलपुरी निवासी रेखा उपलब्ध कराती थी। पुलिस ने रविवार को आरोपी रेखा को भी गिरफ्तार कर लिया है। जांचकर्ता ने बताया की आरोपी रेखा के खिलाफ पहले भी दिल्ली के थाना मंगोलपुरी, साउथ रोहिणी, सुल्तानपुरी व अमन विहार में आबकारी अधिनियम व नशीला पदार्थ अधिनियम के 42 मामले दर्ज है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में महिला आरोपी। फोटो :हरिभूमि

---

# वर्ष 2018 अगस्त में युवक की हत्या में शामिल नौ दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

■ अदालत में प्रत्येक दोषी पर 29500 रुपये का जुर्माना लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव हांसावास में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. सुनीता ग्रोवर की अदालत ने नौ आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है। अदालत में प्रत्येक दोषी पर 29500 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत में सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार गांव हांसावास निवासी ईश्वर सिंह अपने मामा के पास गांव बाघपुर में रहता था। अगस्त 2018 में ईश्वर कावड़ लाने के लिए अपने गांव हांसावास आया हुआ था। 3 अगस्त 2018 को वह अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर गांव गुरावड़ा से वापस घर आ रहा था। रेलवे फाटक के पास मोटरसाइकिलों पर आए 8-10 युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया था और रंजिश में ईश्वर की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इस मामले में रोहड़ाई थाना पुलिस ने हांसावास निवासी दीपक की शिकायत पर गांव हांसावास निवासी दीपक, बलजीत, रिंकपाल उर्फ रिंकू, धीर सिंह उर्फ धीरज, रोहतास, लक्ष्मण,



देवेंद्र उर्फ काला उर्फ देबू व नरबीर उर्फ हाथी के अतिरिक्त गांव गुरावड़ा निवासी परविंदर उर्फ छोटू और गांव कन्होरा निवासी मुरारी के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जांच के बाद रोहड़ाई थाना पुलिस ने अदालत में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अदालत के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किए गए और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए। अदालत में सुनवाई के दौरान एक आरोपी बलजीत की मौत हो गई थी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. सुनीता ग्रोवर की अदालत ने शेष नौ आरोपियों को ईश्वर सिंह की हत्या का दोषी करार दिया। अदालत ने दीपक, रिंकपाल उर्फ रिंकू, धीर सिंह उर्फ धीरज, लक्ष्मण, रोहतास, देवेंद्र उर्फ काला उर्फ देबू, नरबीर उर्फ हाथी, परविंदर उर्फ छोटू व मुरारी को आजीवन कारावास की सजा दी है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 29500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

---



रेवाड़ी। छात्रा को पुरस्कृत करते हुए एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**रेवाड़ी।** सोमवार को स्वरांजलि पब्लिक स्कूल में 25वें वार्षिक उत्सव अभिव्यक्ति का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि एडीसी अनुपमा अंजलि ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर नरेंद्र सांगवान डीडीपीओ, कपिल कुमार पुनिया डीईओ, एईओ भूपेंद्र यादव और कमालपुर के सरपंच विशाल मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति दी। शिक्षकों ने वार्षिक उत्सव में बच्चों का हौसला बढ़ाया। मुख्यातिथि एडीसी ने बच्चों को पुरस्कृत किया। स्कूल के अध्यक्ष सतीश यादव एवं डायरेक्टर चारु यादव ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

---

### बाइक सवार तीन युवक चूड़ी विक्रेता के रुपये छीनकर फरार

**कुंड।** खोल थाना क्षेत्र के गांव नांधा के पास तीन युवक चूड़ियां बेचने वाले की नकदी छीनकर फरार हो गए। गांव पाड़ला में किराये पर रहने वाले विकेश ने खोल थाना पुलिस को बताया कि 9 फरवरी को शाम करीब 4 बजे वह चूड़ियां बेचकर गांव नांधा से पाड़ला जा रहा था। जब वह नांधा से बाहर आया तो बाइक पर तीन लड़कों ने उसे रोककर 250 रुपये की चूड़ी पैक करने के लिए कहा। इसके बाद उसने पैसे मांगे तो युवकों ने कहा कि नकद रुपये नहीं है हम तुझे 1100 रुपये फोन-पे कर देते है। युवकों ने उसके पास 1100 रुपये का फर्जी मैसेज कर दिया और उससे रुपये मांगने लगे। उसके रुपये देने से मना करने पर दो लड़कों ने उसे पकड़ लिया और एक युवक ने उसकी जेब से 1100 रुपये निकाल लिए तथा अपनी मोटरसाइकिल लेकर भाग गए।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति घायल

धारूहेड़ा। एनएच-48 पर निखरी फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड पर व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शीलगांव जिला खैरथल राजस्थान निवासी बिजेन्द्र नाथ ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 को वह अपने भाई राजपाल के साथ मोटरसाइकिल से धारूहेडा से बावल की ओर जा रहे थे। रास्ते में वह निखरी फ्लाईओवर से आगे पेट्रोल पंप के पास बाइक खड़ी करके लघुशंका कर रहे थे तभी एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई राजपाल को काफी चोटें आई और बाइक भी पूरी तरह टूट गई। उसने अपने भाई को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया है।


### बाल भवन में मनाएगा सुरक्षित इंटरनेट दिवस

रेवाड़ी। नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर यानि एनआईसी की ओर से 11 फरवरी को बाल भवन में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाएगा। डीआईओ सचिन शर्मा ने बताया कि लोगों को सुरक्षित इंटरनेट प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन होगा। इस अवसर पर साइबर स्वच्छता को बढ़ावा देने, साइबर खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और प्रतिभागियों को प्रभावी तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। हर वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस दुनिया भर में फरवरी के दूसरे मंगलवार को मनाया जाता है, ताकि बच्चों, महिलाओं व युवाओं में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा दे सकें। इस वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस 'एक साथ बेहतर इंटरनेट के लिए' थीम के तहत मनाया जाएगा।



### विद्यार्थियों ने सीहा की पहाड़ी पर किया श्रमदान

रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के विद्यार्थियों ने सोमवार को सीहा की पहाड़ी पर संत शिरोमणि बाबा रामस्वरूप महाराज के धार्मिक परिसर तथा आसपास के क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए श्रमदान किया। विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत पहाड़ी पर कैंप लगाया गया। प्रतिवर्ष धूलेंडी के दिन इस पहाड़ी पर मेला भरता है तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु कई प्रदेशों से यहां पधारते हैं। सीहा स्कूल प्रतिवर्ष मेले से पहले दो-तीन बार स्वच्छता शिविर लगाकर पहाड़ी पर अभियान चला रहा है। एबीआरसी अनुराधा चौहान, वरिष्ठ अध्यापक शशि कपूर, शक्ति सिंह, लक्ष्मी यादव तथा रेखा की अगुवाई में सैकड़ों विद्यार्थियों ने श्रमदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### धृति ने इंडिया डांस शो के फाइनल में पाई चौथी रैंक

रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा धृति ने भोपाल में होने वाले इंडिया डांस पावर शो-2 में फाइनल राउंड में चौथी रैंक हासिल करके स्कूल, माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया है। इस शो में पूरे भारत से सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें धृति ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। धृति स्कूल में ही डांस प्रशिक्षण ले रही है और विद्यालय की हर गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। छात्रा के पिता शेखर गौड़ ने कहा कि धृति अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस उपलब्धि पर स्कूल चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने धृति को सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ शिक्षक भी मौजूद थे।

## बार चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

# पहले दिन रेवाड़ी में सात व बावल में तीन अधिवक्ताओं ने पर्चे किए दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला बार एसोसिएशन के 28 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर सोमवार से नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले दिन 7 प्रत्याशियों की ओर से अलग-अलग पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए। बार एसोसिएशन में पांच पदों प्रधान, उप प्रधान, सचिव, सह सचिव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराए जाने हैं।

नामांकन के पहले दिन सोमवार को प्रधान पद के लिए सुजान सिंह व गजराज सिंह, उप प्रधान पद के लिए सतपाल, सचिव पद के लिए सुखराम व रमेश कुमार, सह सचिव पद के लिए मोनू कुमार और कोषाध्यक्ष के लिए चिराग शर्मा ने अपने नामांकन दाखिल किया। बार एसोसिएशन चुनाव के लिए बावल व कोसली में भी चुनाव प्रक्रिया तेज कर दी गई है।





रेवाड़ी। बार चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी व नामांकन पत्रों की जांच करते चुनाव अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### बावल में भी नामांकन प्रक्रिया हुई शुरू

बावल बार एसोसएशन के लिए भी सोमवार से चुनाव नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। चुनाव अधिकारी एडवोकेट राहुल जोशी ने बताया कि पहले दिन दो पदों के लिए तीन नामांकन दाखिल किए गए। प्रधान पद के लिए एडवोकेट स्वयंबर व प्रीतम सिंह ने नामांकन दाखिल किया, जबकि उप प्रधान पद के लिए एक प्रत्याशी एडवोकेट नितेश कुमार ने अपना पर्चा दाखिल किया।


### चुनाव प्रचार के लिए दिया गया हल्फनामा

नामांकन के साथ ही प्रत्याशियों ने एक हल्फनामा भी दिया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि वह चुनाव प्रचार में प्रचार सामग्री कोर्ट परिसर या कोर्ट के बाहर नहीं करेंगे। प्रत्याशियों ने अपने निर्धारित शुल्क अदा कर चुनाव के लिए अपना नामांकन चुनाव अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

### ये रहेंगे चुनाव निर्वाचन अधिकारी

चुनाव निर्वाचन अधिकारिकारियों की टीम में अश्वनी तिवारी एडवोकेट, सतीश डागर, चरण सिंह, शमशेर सिंह यादव, चंदन सिंह यादव व नरेश कुमार ने प्रत्याशियों से नामांकन लिए। प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ आकर जिला बार कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्र जमा करने का समय सुबह 11 बजे से 3 बजे निर्धारित किया गया है। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को भी नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। 11 फरवरी को नामांकन पत्रों की छंटनी का काम होने के बाद अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 13 फरवरी को प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से 4 बजे तक जिला बार कार्यालय में चुनाव के लिए मतदान किए जाएंगे। इसके बाद शाम तक रिजल्ट जारी किया जाएगा। बार एसोसिएशन चुनाव में पांच पदों के लिए 1875 एडवोकट मतदाता अपने मतदान का प्रयोग कर सकेंगे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट को दी श्रद्धांजलि



रेवाड़ी। स्व. राजेश पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित करते समाज के लोग।

- राजेश पायलट के समाज और देशहित में किए गए अतुलनीय योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट के जन्मोत्सव पर गुर्जर समाज की ओर से राजेश पायलट चौक स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके समाज और देशहित में किए गए अतुलनीय योगदान को याद किया और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश पायलट स्मृति संस्थान के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र सिराधना पूर्व डिप्टी कलेक्टर ने की। गुर्जर समाज के प्रधान चरण सिंह खटाना ने राजेश पायलट के विचारों को स्मरण करते हुए समाज के लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी गरीब और वंचित वर्ग की आवाज बनें और समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। स्व. राजेश पायलट सदैव किसानों, युवाओं और समाज के दबे-कुचले वर्ग की भलाई के लिए समर्पित रहे और आज हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज सेवा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इस अवसर पर राजेश खटाना सरपंच, लक्खी सरपंच, राहुल, सुखबीर बोकन, करतार, टिट्टू, गुलाब, राजपाल सरपंच, राम सिंह सरपंच, महिपाल एडवोकेट, अमृत एडवोकेट, हिमांशु सिराधना एडवोकेट, आशाराम चौकन, कालूराम, सूरजभान, कृष्ण तोंगड, हरदयाल पोसवाल, जयपाल बोकन, पदम चेयरमैन, धारा सरपंच, जगत सिंह एडवोकेट, धर्मबीर सरपंच, बीरेंद्र, ओमप्रकाश अधाना, राज सरपंच, अर्जुन, धर्म सिंह चेयरमैन, निहाल चौकन व लाला चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अल्फा कंपनी के पूर्व सैनिकों का मिलन समारोह आयोजित

- कार्यक्रम का आयोजन नारनौल में किया गया, जिसमें रेवाड़ी से भी पूर्व सैनिकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारतीय सेना की अशोका पल्टन-22 ग्रेनेडियर्स की अल्फा कंपनी के पूर्व सैनिकों की ओर से भूतपूर्व सैनिक मिलन एवं वीर नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नारनौल में किया गया, जिसमें रेवाड़ी से भी पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। समारोह में केपनी की वीर नारियों, कर्नल शख्तावत, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर सतपाल सिंह दहिया, ब्रिगेडियर विक्रमजीत सिंह विर्दी एवं अल्फा कंपनी के करीब 80 पूर्व सैनिक ने भाग लिया। कार्यकम में सभी पूर्व सैनिकों व वीर नारियों पर स्वागत किया गया। वीर नारियों को शाल एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। वेदप्रकाश नंबरदार ने सैना अधिकारियों एवं पूर्व सैनिकों का मंच से स्वागत किया। कर्नल शख्तावत, ब्रिगेडियर सतपाल सिंह दहिया व ब्रिगेडियर विक्रमजीत सिंह ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया। दस मौके पर सुबेदार मीरसिंह, सुबेदार मेजर हरदयाल सिंह, हवलदार अजीत सिंह, नायक सुल्तान सिंह, सुबेदार मेजर बिजेन्द्र, नायक तुलाराम, नायक शमशेर, सुबेदार अमन व हवलदार नरेश कुमार सहित अनेक पूर्व सैनिक मौजूद थे।



रेवाड़ी। समारोह में मौजूद पूर्व सैनिक व वीर नारियां। फोटो :हरिभूमि

# गर्ल्स कॉलेज में यूथ रेडक्रास शिविर का समापन

- 120 स्वयंसेवकों ने ली अनेक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस शिविर का समापन हो गया, जिसमें जिले के 10 महाविद्यालयों से 120 स्वयंसेवकों व 10 रेडक्रॉस काउंसलर्स ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय प्राचार्या डा.ज्योति यादव ने यूथ रेडक्रॉस के महत्व व वर्तमान युग में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्वयंसेवकों को ज्यादा से ज्यादा सामाजिक कार्यों का दायित्व लेने की सलाह दी। यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डा. सुनीता यादव ने बताया कि पांच दिवसीय शिविर का शुभारंभ 4 फरवरी को हुआ था, जिसमें इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के महासचिव मुकेश अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। उसी दिन सामाजिक कार्यकर्ता रणजीत सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य पर, सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ दीपक ने टीबी और नशा के विरुद्ध जागरूकता पर तथा मिस नीतू ने रक्तदान के महत्व पर बल दिया। शिविर के दूसरे दिन ओमप्रकाश गांधी ने फर्स्ट एंड एवं सीपीआर पर जागरूक किया तथा आरबी यादव हॉस्पिटल से डॉ सुमन ने कन्या भ्रूण हत्या पर अपने विचार रखें। सिविल हॉस्पिटल से डॉ आशीष ने टीबी के विरुद्ध जागरूकता पर अपना व्याख्यान दिया। शिविर के तीसरे दिन फायर ऑफिसर ने फायर सेफ्टी विषय, कुमारी मीनाक्षी ने डिजास्टर मैनेजमेंट तथा सिविल हॉस्पिटल से काउंसलर सुमन ने एचआईवी एड्स की जानकारी दी। शिविर के चौथे दिन सिविल अस्पताल से गाइनेकोलॉजिस्ट ने महिला संबंधी विषयों पर जागरूक किया तथा ट्रैफिक रूल्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर के पांचवें दिन सीएमओ डॉ. सुरेंद्र यादव ने स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन राजकीय कन्या महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डा. सुनीता ने किया। कार्यक्रम रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता तथा उनकी टीम की देखरेख में किया गया।




रेवाड़ी। शिविर के समापन पर छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

## बगथला स्कूल में विद्यार्थियों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगथला में सोमवार को विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया। प्राचार्य मंजू बाई की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के दसवीं तथा 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षार्थियों के अलावा अभिभावकों ने भाग लिया। बच्चों को नकल रहित लिखकर बिना दबाव के परीक्षा में प्रश्न पत्रों को समझ कर अच्छे तरीके से लिखने पर बल दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी हर्ष कुमार ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से बच्चों को सकारात्मक लाभ मिल रहा है। उन्होंने परीक्षा देने के लिए कई बिंदुओं पर बच्चों को प्रेरित किया गया। सफलता के लिए हमें पाठ्यक्रम का निरंतर अध्ययन करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में माय गांव अप के द्वारा एनसीईआरटी द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रिया, दीक्षा, हर्षिता, निशा, साक्षी, दीपांशी, तरुण व कमल सहित प्राध्यापक हर्ष कुमार, योगेश व विनोद कुमार ने भाग लिया व प्रमाण पत्र प्राप्त किए। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य विद्यार्थी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



## सीएचसी नाहड़ में की 59 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

नाहड़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 59 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। सीएचसी नाहड़ के एसएमओ डॉ मनीष कुमार के निर्देशन में डॉ विपिन, डॉ. निशु सीएचओ स्टाफ नर्स सुमन, मीना, फार्मासिस्ट भगत सिंह व एलटी राहुल की टीम ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के करके उन्हें गर्भ में पल रहे शिशु का ख्याल रखने के विशेष टिप्स भी दिए। डॉ. निशु ने गर्भवती महिलाओं को खानपान का विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं हरी सब्जियों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें तथा हल्का व्यायाम करें। पूरी नींद लें। रात्रि में समय पर सोयें। मोबाइल चलाने के चक्कर में देर तक न जागे। महिलाओं के ब्लड, बीपी, शुगर, वेट, हाइट, यूरिन व एचबी की जांच करके उन्हें दवाइयां वितरित की गई। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर तुरंत हॉस्पिटल जाने की सलाह दी।

## ग्रामीणों को बाल विवाह व बाल अधिकारों के प्रति किया जागरूक

रेवाड़ी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत गांव बहरामपुर भरंगी में एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था की ओर से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। एमडीडी संस्था से तुषार शर्मा व विजयलक्ष्मी ने लोगों को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव, बेटियों की शिक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 व बाल अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों को बाल विवाह न करने और इसके प्रति बाकी लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई। डीएलएसए से एडवोकेट अंजलि और पीएलवी दीपक कुमार सैनी ने बाल विवाह और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके अलावा डीएलएसए से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में भी ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 18 से कम उम्र में लड़कियों की शादी बाल अपराध हैं। इस अपराध से बचने के लिए जागरूक होना जरूरी हैं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्कर सरोज, सुनीता, मोनू, पूनम, राजेश, एएनएम सुमन,आशा कार्यकर्ता राजबाला व सरपंच पूनम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को बाल विवाह न कराने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**प्रशिक्षण** पाठ्यक्रम के लिए अगस्त में विद्यालय के कैडेट्स का पंजीकरण किया गया था

# पीएमकेवीवाई 4.0 प्रशिक्षण में सफल रहे सैनिक स्कूल के 22 कैडेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रधानमंत्री कौशल विकास प्रोत्साहन योजना यानि पीएमकेवीवाई 4.0 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सैनिक स्कूल में राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्र और स्किल इंडिया के तहत जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर कोर्स को प्रारंभ किया गया। पाठ्यक्रम के लिए अगस्त माह में विद्यालय के कैडेट्स का पंजीकरण किया गया था। इसके पश्चात नियमित रूप से कक्षाओं का आयोजन पाठ्यक्रम के अनुरूप प्रशिक्षक एवं प्रभारी अमित गौरव, कम्प्यूटर शिक्षक व सॉफ्टवेयर डेवलपर के नेतृत्व में किया गया। प्रायोगिक कौशल प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात कैडेट्स के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के 22 कैडेट्स ने उत्कृष्ट परिणामों के साथ पीएमकेवीवाई 4.0 परीक्षा उत्तीर्ण की। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत पाठ्यक्रम में कैडेट्स ने सूचना तकनीक क्षेत्र का परिचय, सूचना तकनीक की मूल बातें, सी प्रोग्रामिंग, पीएचपी प्रोग्रामिंग, एमईएसक्यूएल, एसक्यूएल ओरेकल का उपयोग करना, टीम वर्क कम्युनिकेशन, डीबीएमएस, रोजगार और उद्यमिता कौशल को संपूर्ण किया।

### योग्यता और प्रयोग कुशलता उत्पन्न करने में रहा सक्षम



रेवाड़ी। प्रशिक्षण लेने वाले कैडेट्स प्राचार्य व स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

### सफल कैडेट्स को वितरित किए प्रमाण-पत्र

प्रशिक्षण समाप्ति बाद सोमवार विद्यालय के सभागार में विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने सफल कैडेट्स को अंक तालिकाएं एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस मौके पर विद्यालय मेजर जयसिंह प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ अध्यापक गजेन्द्र सिंह चौहान एवं कार्यक्रम के ट्रेनर व इंचार्ज अमित गौरव उपस्थित थे। प्राचार्य ने कहा कि देश में तकनीकी कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा को प्रोत्साहन देते हुए नई शिक्षा नीति 2020 में आने वाली युवा पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत करने की बात कही गई है। इसी का अनुसरण करते हुए विद्यालय में प्रधानमंत्री कौशल विकास प्रोत्साहन योजना 4.0 के तहत विद्यार्थियों का प्रशिक्षण कराया गया। यह प्रशिक्षण न केवल कैडेट्स में तकनीकी कौशल, योग्यता और प्रयोग कुशलता उत्पन्न करने में सक्षम रहा है, अपितु उनके लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हुए हैं। इस प्रकार का तकनीकी ज्ञान शस्त्र सेना का अभिन्न अंग है। भावी अधिकारियों का इन योग्यताओं से परिचित होना उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है।

# कोसली में होली पर डांडा गाड़ने की रस्म अदा की



रेवाड़ी। डांडा गाड़ने की परंपरा की रस्म अदायगी करते गांव के नंबरदार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली गांव में गांव के नम्बरदारों व गणमान्य व्यक्तियों की ओर से होली पर्व के डांडा गाड़ने की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर पंडित रामचंद्र ने विधि पूर्वक पूजन कराया तथा गांव के नम्बरदार होशियार सिंह, विजय आजाद, सुकरमपाल, लल्लू सिंह व सतीश कुमार ने डांडा गाड़ने की रश्म पूर्ण की। होलिका दहन के लिए राजकीय कन्या विद्यालय के समीप तय स्थान पर परंपरा अनुसार होली से सवा माह पहले कैर की लकड़ी का डांडा गाड़ा जाता है। सवा माह बाद उसी स्थान पर होलिका पूजन व दहन किया जाता है।